दिन–रविवार | दिनांक– 16 / 08 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद और विधानसभाओं में महिला आरक्षण लागू करने के लिए सभी दलों से सहयोग की अपील की। कहा– इससे देश के नीति निर्धारण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – प्रतियोगी परीक्षाओं की निगरानी के लिए उच्चस्तरीय समिति का किया जायेगा गठन।

03. मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय दल आज राज्य के दो दिवसीय दौरे पर पटना आ रहा है।

04. और, राज्य सरकार ने अब पचास लाख से अधिक लागत वाले मकानों और दुकानों से ही उपकर, सेस लेने का फैसला किया।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की है कि संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने के मुद्दे को राजनीतिक लड़ाई न बनाये। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले के प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को जल्द से जल्द तैंतीस प्रतिशत प्रतिनिधित्व मिले। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की नीतियों को आकार देने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

–––साउंड बाईट–

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कल पटना के गांधी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रतियोगी परीक्षाओं की निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति के गठन की बात कही।

–––बाइट–––

मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि राज्य के सभी विद्यालयों और महाविद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं की सुरक्षा के लिए 'पुलिस दीदी' की तैनाती की जाएगी। इसकी शुरुआत रक्षाबंधन के दिन से होगी।

---

भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग का एक उच्चस्तरीय दल आज राज्य के दो दिवसीय दौरे पर पटना आ रहा है। दल में वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त मेषीष गर्ग, महानिदेशक (मीडिया) आशीष गोयल और महानिदेशक (आईटी) डॉक्टर सीमा खन्ना सहित आयोग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। निर्वाचन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक आज पहले दिन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पत्रकारों से बातचीत करने के साथ ही निजी कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वहीं, कल नालंदा विवि के सभागार में मुख्य चुनाव आयुक्त श्री कुमार लगभग पांच सौ बूथ लेवल अधिकारियों, बीएलओ के साथ संवाद करेंगे। चुनाव आयुक्त उसी दिन शाम को पटना के ज्ञान भवन में निर्वाचन साक्षरता क्लब के दूसरे चरण के शुभारंभ और इसीआई नेट पर आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सम्मेलन में बिहार के चार सौ से अधिक शैक्षणिक संस्थानों से हजारों विद्यार्थी, शिक्षक, विश्वविद्यालयों के कुलपति तथा महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के प्राचार्य एवं संस्थान प्रमुख भाग लेंगे।

---

राज्य में अब भूमि सुधार उपसमाहर्ता, डीसीएलआर प्रत्येक माह कम–से–कम चार अंचलों का नियमित और प्रभावी निरीक्षण करेंगे। राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने बताया कि राज्य में नवपदस्थापित सैंतालीस भूमि सुधार उप समाहर्ताओं का पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण समाप्त हो गया है। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता, गुणवत्ता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि अंचल कार्यालयों का निरीक्षण केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रहना चाहिए।

---

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने विदेशी संपत्तियों से जुड़े छोटे करदाताओं के लिए विदेशी संपत्ति प्रकटीकरण योजना नियम, दो हजार छब्बीस जारी कर दिया है। इस योजना के तहत पात्र करदाता निर्धारित कर या शुल्क का भुगतान करके कुछ अघोषित विदेशी संपत्तियों या विदेशी आय की घोषणा कर सकेंगे। यह योजना आज से लागू हो गई है। इसके तहत घोषणा दाखिल करने की अंतिम तारीख इकतीस दिसंबर है। इसके बाद कोई घोषणा दाखिल नहीं की जा सकेगी। यह एक बार की स्वैच्छिक घोषणा योजना है, जो वित्त अधिनियम दो हजार छब्बीस के अध्याय चार में शामिल है। आयकर विभाग ने योजना को समझने में करदाताओं की मदद के लिए अक्सर पूछे जाने वाले सवाल भी जारी किए हैं।

---

राज्य के रोहतास जिले के डेहरी–ऑन–सोन में तीस टन क्षमता वाले आधुनिक दूध पाउडर संयंत्र के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है। मत्स्य और पशु संसाधन मंत्री नंद किशोर राम और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर मीनेश शाह ने कल वर्चुअल माध्यम से इसका शुभारंभ किया। मंत्री श्री राम ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी किसानों के लिए डेयरी विकास, मत्स्य विकास और पशु संसाधन विकास के क्षेत्र में कार्य कर रही है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, एनडीडीबी के अध्यक्ष श्री शाह ने कहा कि राज्य सरकार के मार्गदर्शन और एनडीडीबी के सतत प्रयास एवं तकनीक की सहायता से बिहार दुग्ध सहकारिता के क्षेत्र में लगातार विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना शाहाबाद दुग्ध संघ, आरा की इकाई रोहतास डेयरी प्रोजेक्ट, डेहरी–ऑन–सोन के अंतर्गत कार्य करेगी।

---

राज्य के सभी घरों में स्मार्ट मीटर लगाये जायेंगे। ऊर्जा विभाग के सचिव अजय यादव ने बताया कि केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय से मिले निर्देश के बाद राज्य के शेष घरों में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया तेज कर दी गयी है। श्री यादव ने बताया कि स्मार्ट मीटर से बिजली की खपत पर निगरानी रखने की सुविधा मिलेगी। सचिव ने बताया कि मीटर लगाने के मामले में बिहार देशभर में सबसे आगे हैं। राज्य में कुल दो करोड़ बाईस लाख उपभोक्ता हैं, इनमें से बानवे लाख उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर से बिजली दी जा रही है।

---

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी आज यूजीसी–नेट जून दो हजार छब्बीस, सी.एस.आई.आर–नेट और आई.सी.ए.आर की अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा के लिए अंतिम उत्तर कुंजी जारी करेगी। पीएचडी कार्यक्रमों के लिए अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षा की उत्तर कुंजी भी आज जारी की जाएगी। एजेंसी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि उत्तर कुंजी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। एजेंसी ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे केवल एजेंसी की आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करें।

---

राज्य में श्रम संसाधन और प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग ने अब पचास लाख से अधिक खर्च कर मकान–दुकान बनाने वालों से ही उपकर, सेस वसूलने का निर्णय लिया है। अभी दस लाख से अधिक खर्च कर दुकान–मकान बनाने वालों से एक फीसदी सेस लिया जा रहा है। विभाग के अनुसार, बिहार भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की ओर से सभी निजी और सरकारी निर्माण कार्यों के विरुद्ध कुल निर्माण लांगत का एक फीसदी उपकर, सेस की वसूली होती है। नियमानुसार

कार्य आरंभ होने के तीस दिनों के अंदर प्रपत्र—एक में सूचनाएं भरकर उपकरण निर्धारण पदाधिकारी के समक्ष सेस का भुगतान करना होता है। सरकार ने नगर निकायों को यह जिम्मेदारी दी है कि नक्शा पारित करते समय ही सेस की वसूली शुरू कर दें। सेस का भुगतान उप श्रमायुक्त सह उपकर निर्धारण पदाधिकारी के समक्ष किया जा सकेगा। वहीं, देरी पर दो फीसदी की दर से ब्याज देना होगा। नियोक्ताओं से मिली राशि बोर्ड में जमा की जायेगी

---

पटना लॉ कॉलेज का एक सौ सत्रहवां स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह आज पटना के ज्ञान भवन में आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल सह कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सय्यद अता हसनैन करेंगे। प्राचार्य प्रो. डॉ. योगेंद्र कुमार वर्मा और सहायक प्राध्यापक सह पूर्ववर्ती छात्र संघ के सचिव डॉक्टर वीरेंद्र पासवान ने बताया कि इसमें न्यायपालिका और विधि जगत की कई प्रमुख हस्तियों के साथ देशभर से पूर्ववर्ती छात्र शामिल हो रहे हैं।

---

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी का वर्ष दो हजार अठारह में आज ही के दिन निधन हुआ था। अटल बिहारी वाजपेयी तीन बार देश के प्रधानमंत्री रहे। वर्ष दो हजार पन्द्रह में उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। नई दिल्ली में अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि सदैव अटल पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कैबिनेट के कई सदस्य मौजूद थे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुये कहा कि वे राष्ट्रसेवा, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रखर प्रहरी थे। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उनके विचार और आदर्श आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

---

राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग, एनसीएच ने कहा कि होम्योपैथिक डॉक्टर किसी दूसरी चिकित्सा पद्धति की प्रैक्टिस नहीं कर सकते। हालांकि, वे जरूरी प्रशिक्षण पूरा करने के बाद राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों और केंद्र तथा राज्य सरकार की अन्य स्वास्थ्य योजनाओं के तहत काम कर सकते हैं।

---

अररिया के जिलाधिकारी विनोद दूहन ने जनता दरबार में चौरासी मामलों की सुनवाई के बाद उनके निष्पादन का निर्देश अधिकारियों दिया है। जनता दरबार राज्य सरकार के सात निश्चय– थ्री प्वाइंट ओ के अंतर्गत संचालित "सबका सम्मान–जीवन आसान" कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया था।

---

पटना के साइबर थाना ने पीएम मुद्रा लोन समेत अन्य योजनाओं के नाम पर सोशल मीडिया के जरिए साइबर ठगी करने वाले नौ युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से बाइस मोबाइल, चार सिम कार्ड, बारह एटीएम कार्ड, एक लैपटॉप, पासबुक और इक्यावन हजार रूपये से अधिक नगद बरामद किये गये हैं।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा, एसटीईटी में गलत उत्तरों पर निगेटिव मार्किंग नहीं करने का निर्णय लिया है। एसटीईटी परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन कल शुरू होगा। आवेदन की अंतिम तिथि इकतीस अगस्त है।

---

प्रदेश में मॉनसून की सक्रियता बढ़ गयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिणी और उत्तर–पश्चिमी हिस्सों में भारी बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार सीवान के रघुनाथपुर में सबसे अधिक एक सौ अट्ठावन दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य हिस्सों में आंधी–बारिश और वज्रपात की आशंका है।

–––साउंड बाईट–––

---

राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान अगले महीने पन्द्रह सितंबर तक आम जनता के लिए खोल दिया गया है। उद्यान सुबह दस बजे से शाम छह बजे तक खुला रहेगा, जबकि अंतिम प्रवेश शाम पांच बजे तक होगा। रखरखाव के लिए उद्यान प्रत्येक सोमवार को बंद रहेगा।

---

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कम्पनियों ने घरेलू रसोई गैस उपभोक्ताओं के लिए ई–केवाईसी कराने की तिथि बढ़ा दी है। कम्पनी के अनुसार अब तेईस अगस्त तक उपभोक्ता अपना ई–केवाईसी करा सकते है। इससे पहले ई–केवाईसी कराने की तिथि आज समाप्त हो रही थी। ई–केवाईसी नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं को घरेलू दर पर गैस सिलिंडर आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद कर दी जायेगी। कम्पनियों ने उपभोक्ताओं से

ई–केवाईसी की प्रक्रिया को कम्पनी के मोबाईल एप के माध्यम से पूरी करने की अपील की है।

---

पटना जिले के बाढ़ स्थित जिला और अपर सत्र न्यायाधीश पंचम की अदालत ने हत्या के एक मामले में दो लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद और विधानसभाओं में महिला आरक्षण लागू करने के लिए सभी दलों से सहयोग की अपील की। कहा– इससे देश के नीति निर्धारण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – प्रतियोगी परीक्षाओं की निगरानी के लिए उच्चस्तरीय समिति का किया जायेगा गठन।

03. मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय दल आज राज्य के दो दिवसीय दौरे पर पटना आ रहा है।

04. और, राज्य सरकार ने अब पचास लाख से अधिक लागत वाले मकानों और दुकानों से ही उपकर, सेस लेने का फैसला किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।